Dainik Jagran (14.01.2013)

# हरियाणा में गन्ने की कीमत बढ़ी

**जागरण ब्यूरो, चंडीगढ़:** हरियाणा में गन्ने की कीमत बढ़ाने की मांग को लेकर कई दिनों से जारी किसानों का आंदोलन रंग लाया। रविवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गन्ने की हर किस्म के दाम प्रति क्विंटल 45 रुपये बढ़ाने की घोषणा कर दी। दिल्ली में किसानों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात में हुड्डा ने कहा कि पांच साल तक हरियाणा ने अन्य राज्यों के मुकाबले गन्ने के सबसे अधिक दाम दिए हैं। इस बार उत्तर प्रदेश में 40 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बढ़ोतरी की गई है और मैं 45 रुपये की बढ़ोतरी कर रहा हूं।